झारखण्ड विधान सभा

दैनिक विवरणिका

चतुर्थ झारखण्ड विधान सभा | पंचम(बजट) सत्र

संख्या-05 | शुक्रवार, दिनांक-19 फरवरी, 2016 ई०।

समय-11.00 बजे पूर्वा० से 1.34 बजे अप० तक।

माननीय अध्यक्ष महोदय ने आसन ग्रहण किया।

(इस अवसर पर झारखण्ड मुक्ति मोर्चा एवं झारखण्ड विकास मोर्चा के अधिकांश माननीय सदस्य अनुसूचित जन-जाति के लिए प्रोन्नति में आरक्षण समाप्त किये जाने विषयक प्रकाशित समाचार के विरोध स्वरूप अपने-अपने स्थान पर अखबार की प्रति एवं पोस्टर लेकर खड़े हो गये जिससे भारी शोर-गुल होने लगा। इसके उपरान्त वे सदन की वेल में आकर नारे-बाजी करने लगे। इस सम्बन्ध में माननीय मुख्यमंत्री एवं मानननीय संसदीय कार्य मंत्री द्वारा वस्तुस्थिति से सदन को अवगत कराया गया तदुपरान्त आसन के आग्रह पर सभी माननीय सदस्य अपने-अपने स्थान पर चले गये।)

1.प्रश्नकाल:-

आज के लिए निर्धारित तारांकित एवं अल्पसूचित प्रश्नों का व्यवस्थापन निम्नवत् हुआ-

(क)अल्पसूचित प्रश्नों की कुल संख्या-04

(i) उत्तरित कुल-04	अ०सू०-32,	श्री विरंची नारायण,	स० वि० स०,
	अ०सू०-33,	श्री स्टीफन मरांडी,	स० वि० स०,
	अ०सू०-34,	श्री राधाकृष्ण किशोर	स० वि० स०,
	अ०सू०-35,	श्री सुखदेव भगत,	स० वि० स०।

(इस अवसर पर कतिपय माननीय सदस्यों ने आसन से आग्रह किया कि माननीय सदस्य श्री कुशवाहा शिवपूजन मेहता सदन के बाहर घरने पर बैठे हैं, उन्हें सदन के अन्दर लाया जाय तदुपरान्त आसन के निदेश से माननीय मंत्री, श्री चन्द्रेश्वर प्रसाद सिंह एवं माननीय सदस्य श्री नलिन सोरेन द्वारा उन्हें ससम्मान सदन के अन्दर लाया गया।)

(ख) तारांकित प्रश्नों की कुल संख्या-68

(i) उत्तरित कुल-05,	तारांकित -193	श्री अरूप चटर्जी,	स० वि० स०,
	तारांकित -194	श्री आलमगीर आलम,	स० वि० स०,
	तारांकित -196	श्री प्रदीप यादव,	स० वि० स०,
	तारांकित -197	श्रीमती जोबा मांझी,	स० वि० स० एवं
	तारांकित -198	श्री योगेन्द्र प्रसाद,	स० वि० स०।
(ii) अपृष्ठ मात्र-01,	तारांकित- 195	श्री गणेश गंझु,	स० वि० स०।

(iii)अनागत कुल-62, तारांकित- 199 से 260 तक।

(कृपया पृष्ठ उल्टें)

2.आसन से घोषणा:-

वित्तीय वर्ष 2016-17 के हो रहे बजट उपस्थापन में माननीय वित्त मंत्री के बजटीय भाषण के कारण आज के लिए प्राप्त सभी शून्यकाल की सूचनाओं को सम्बन्धित विभागों में भेजे जाने की घोषणा आसन से की गई। साथ ही यह भी घोषणा की गई की आज शुक्रवार है और प्रथम पाली में 12.30 बजे अप० के बाद तक भी यदि माननीय वित्त मंत्री का बजट भाषण जारी रहता है, तो नमाज़ अदा करने वाले माननीय सदस्य नमाज़ के लिये जा सकते हैं।

3. वित्तीय कार्य :-

भारतीय संविधान के अनुच्छेद-203 के अनुसरण में माननीय मुख्यमंत्री सह वित्तमंत्री, श्री रघुवर दास द्वारा वित्तीय वर्ष 2016-17 का वार्षिक बजट सदन में पेश किया गया। इस क्रम में उन्होंने प्रबुद्ध सदन एवं झारखण्ड की जनता के प्रति आभार व्यक्त किया। इसके साथ ही उन्होंने क्रांतिकारी एवं झारखण्ड के अमर वीरों- बिरसा मुण्डा, सिद्धू-कान्हू, चाँद भैरव, वीर बुद्धू भगत, नीलाम्बर-पीताम्बर, तेलंगा खड़िया, जतरा, टाना भगत, पाण्डेय गणपत राय, तिलका मांझी एवं शेख भिखारी को नमन करते हुए **''सर्वसमावेशी, सहचरण एवं सर्वे भवन्तु सुखिनः, सर्वे सन्तु निरामया:''** की उक्ति के साथ बजट भाषण प्रारम्भ किया।

बजट भाषण के दौरान कृषि, महिलाओं का उत्थान शिक्षा, जन कल्याण, वन एवं पर्यावरण, सिंचाई, ग्रामीण विकास, विधायक मद की राशि बढ़ाने, बाबा साहेब भीम राव अम्बेदकर आवास योजना प्रारम्भ किये जाने, किसानों की जीविका के विकास के उपाय, आदिम जन-जाति प्राधिकार का गठन, स्वास्थ्य सुविधाओं का विकास, विभिन्न पथों का निर्माण, हाई कोर्ट, सचिवालय एवं विधान सभा भवन का कोर कैपिटल में निर्माण, स्वच्छ भारत के सपनों को पूरा करना, विधि-व्यवस्था एवं उद्योग पर जोर दिये जाने के साथ ही विभिन्न संसाधनों की अभिवृद्धि किये जाने जैसे महत्त्वपूर्ण तथ्यों का समावेश माननीय वित्तमंत्री द्वारा विस्तार से उल्लेख किया गया।

अभिभाषण के समापन होने पर वित्त विभाग, झारखण्ड सरकार द्वारा सभा परिसर में आयोजित दोपहर के भोजन में सभी माननीय सदस्यों को सम्मिलित होने की सूचना आसन द्वारा दी गई तदुपरान्त सभा की कार्यवाही मंगलवार, दिनांक-23, फरवरी, 2016 के 11.00 बजे पूर्वा० तक के लिए स्थगित की गई।

राँची,

दिनांक- 19, फरवरी, 2016 ई०।

बिनय कुमार सिंह,
प्रभारी सचिव,
झारखण्ड विधान सभा।